रजिस्ट्री सं० डी० 221 REGISTERED NO. D-221

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 23] नई दिल्ली, शनिवार, जून 8, 1968 (ज्येष्ठ 18, 1890)
No. 23] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 8, 1968 (JYAISTHA 18, 1890)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 17 मई 1968 तक प्रकाशित किये गये हैं :—
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 17th May 1968 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subjects
84	13(3)/68-COR dt. 8-5-68	Min. of Labour Employment & Rehabilitation.	Appointment of a new member in the Refugee Relief and Reh. Department Govt. of West Bengal.
	सं० 13(3)/68 सी० ओ० आर० दिनांक 8-5-68	श्रम रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय	शरणार्थी सहायता पुनर्वास विभाग पश्चिमी बंगाल सरकार में एक नए सदस्य की नियुक्ति ।
85	No. 78-ITC(PN)/68 dt. 9-5-68	Min. of Commerce	Import Policy for Registered Exporters for the year April/68—March 1969.
86	No. SC-II-14(3)/68 dt. 10-5-68	Min. of Steel Mines & Metals	Appointment of a Committee of Inquiry to conduct a thorough and comprehensive inquiry into all aspects of the working of the Min. of Iron and Steel and also to enquiry into transacting relating to other parties to whom large licences/permits had been issued from 1951-52 onwards.
87	No. 79-ITC(PN)/68 dt. 10-5-68.	Min. of Commerce	Import policy for Registered Exporters for the Year April/68 March 1969.
88	No. 80-ITC(PN)/68 dt. 13-5-68	Min. of Commerce	Conversion of actual user licences for raw materials, components, spares and non-ferrous Metals for Importing steel and *vice-versa*—Paragraph 85 of the Import Trade Control Hand Book of Rules and Procedure, 1967 and 1968.
89	No. 37/1/IV/68/T dt. 14-5-68	Lok Sabha Sectt.	Order published by the President for general information.
	सं० 37/1/4/68 दिनांक 14-5-68	लोक सभा सचिवालय	राष्ट्रपति का आदेश सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित करना ।
90	No. 81-ITC(PN)/68, dt. 14-5-68,	Min. of Commerce.	Import Policy for Registered Exporter for the year April 1968—March/69 condition on licences issued against export of Gem & Jewellery items.
91	No. RS-1/2/68-L, dt. 15-5-68	Rajya Sabha Sectt.	Order published by the President for general information.
	सं० आर० एस० 1-2-68 एल० दिनांक 15-5-68	राज्य सभा सचिवालय	राष्ट्रपति का आदेश सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित करना ।
92	No. 82-ITC(PN)/68 dt.15-5-68	Min. of Commerce	Import Policy for the year April/68-March 1969.
93	No. 37/1/V/68/T, dt. 16-5-68	Lok Sabha Sectt.	Order published by the President for general information.
	सं० 37/1/5/68 दिनांक 16-5-68	लोक सभा सचिवालय	राष्ट्रपति का आदेश सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित करना ।
94	No. 83-ITC(PN)/68, dt. 16-5-68	Min. of Commerce	Import Policy for Registered Exporters for the year April/68-March 1969.
95	No. 4/46/67-TEX(C) dt. 17-5-68	Do.	Extension of the term of office of the All India Handloom Board, upto 30th September 1968.
	सं० 4 (46)-टैक्स-(सी) 67 दिनांक 17-5-68	वाणिज्य मंत्रालय	अखिल भारतीय हथकरघा बोर्ड की कार्यविधि को 30 सितम्बर 1968 तक बढ़ाना ।

दलेलसिंह

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazette Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these *Gazettes*.

M91GI/68

विषय सूची (CONTENTS)

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	423
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	581
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	477
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों सम्बन्धी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (1)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . . .	1211
भाग II—खंड 3—उप-खंड (2)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश अधिसूचनाएं . .	2657
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश . .	247
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	465
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें .	221
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं .	73
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं .	183
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें .	101
पूरक संख्या 23—	
1 जून 1968 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बन्धी साप्ताहिक रिपोर्ट .	925
11 मई 1968 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से सम्बन्धित आंकड़े .	941

	Page
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court .. .. — — —	423
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court — — — —	581
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence — — — — —	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc. of Officers issued by the Ministry of Defence —	477
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations — — — — —	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills — — — —	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules, (including orders, bye-laws, etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministries of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) — — — — ..	1211
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	2657
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence —	247
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	465
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta —	221
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners .. — .. — — —	73
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies — — — — —	183
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies — —	101
SUPPLEMENT No. 23—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 1st June 1968 — — —	881
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 11th May 1968 — — —	899

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1968

सं० 34-प्रेज/68—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा अथवा साहस के कार्यों के लिये "सैना पदक"/"आर्मी मैडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर जगवन्त सिंह बाथ (आई० सी०-14468), पैराशूट रेजिमेंट।

12 मार्च, 1967 को मेजर जगवन्त सिंह बाथ पैराशूट रेजिमेंट की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे जो मिज़ो जिले में उपद्रवियों के विरुद्ध कार्यवाही में लगी थी। यह सूचना पाते ही कि बुआकमुआल के क्षेत्र में उपद्रवी भारी संख्या में सरगर्मी कर रहे हैं उन्होंने अपनी कम्पनी को लेकर एक नदी पार की जिसमें बाढ़ आई हुई थी और सायंकाल तक उन्होंने बुआकमुआल के दक्षिण पूर्व के एक घने जंगल में एक मजबूत अड्डा बना लिया। रात के लगभग आठ बजे दो अग्रवर्ती प्लाटूनों ने गांव को घेर लिया और तीसरी प्लाटून के साथ मेजर बाथ ने गांव में प्रवेश किया। उपद्रवियों ने गोलाबारी शुरू कर दी। इसके बावजूद मेजर बाथ ने उपद्रवियों पर सफल धावा किया और चार को मृत्यु के घाट उतार दिया तथा तीन को भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद तथा कागजात के साथ पकड़ लिया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर जगवन्त सिंह बाथ ने साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

2. मेजर बलवंत सिंह विष्ट (आई० सी०-14736), पैराशूट रेजिमेंट।

23 अप्रैल, 1967 को मेजर बलवन्त सिंह विष्ट पैराशूट रेजिमेंट की एक कम्पनी-कालम की कमान कर रहे थे जिसने असम में हैलीकाप्टर द्वारा एक विशेष कार्यवाही की। 27 अप्रैल, 1967 को उन्हें बटालियन हैडक्वार्टर द्वारा सूचित किया गया कि एक उपद्रवी मिज़ो नेता 16 मील दूर दारलुंग के निकटवर्ती क्षेत्र में छिपा हुआ है और उन्हें उसको पकड़ने का आदेश दिया गया। 29/30 अप्रैल, 1967 की रात को मेजर विष्ट अन्धेरे की ओट में आगे बढ़े और दारलुंग तथा एक समीपवर्ती गांव पर छापा मारा। एक बालक से सुराग मिलने पर, वह 6 जवानों और एक मार्गदर्शक को लेकर निकल पड़े। एक कठिन रास्ते को पार कर लेने के बाद जब मार्गदर्शक ने अज्ञानता दिखाई तो वे और सुरागों की खोज करते रहे। वे अचानक एक ऐसे खुले स्थान पर जा पहुंचे जहां उन्हें दो झोंपड़ियां मिलीं जो होशियारी से छिपाई हुई थी। मेजर विष्ट और उनके जवानों ने झोंपड़ियों पर छापा मारा और उनमें रहने वाले सभी को पकड़ लिया।

इस कार्यवाही में मेजर बलवन्त सिंह विष्ट ने साहस-दृढ़-निश्चय तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

3. मेजर शेहखोज़िन केपगेन (आई० सी०-14430), असम रेजिमेंट।

21 जनवरी, 1967 को मेजर केपगेन को एक रेजिमेंट के तीन भगोड़ों को पकड़ लाने का कार्य सौंपा गया जो कुछ हथियार और गोला बारूद लेकर भाग गये थे। पहले यह सूचना मिली थी कि पिछली रात भगोड़े नकसल खोला (असम) के निकट देखे गये, किन्तु बाद में वे घने जंगल में गायब हो गये। मेजर केपगेन अपने पैट्रोल के साथ जंगल में घुस गए। लगभग 30 गज की दूरी पर भगोड़ों को एक बड़ी झाड़ी के नीचे देखते ही उन्होंने उन पर तुरन्त धावा बोल दिया। उनके जवान पीछे-पीछे थे। जब भगोड़े अपनी राइफलों और हथगोलों को संभालने का प्रयत्न करने लगे तो मेजर केपगेन ने उन्हें चेतावनी दी कि वे हथियार डाल दें अन्यथा उन्हें गोली मार दी जाएगी। भगोड़ों ने और चारा न देखकर हथियार डाल दिए।

इस कार्यवाही में मेजर शेहखोजिन केपगेन ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

4. मेजर ओम प्रकाश सभरवाल (आई० सी०-7311), पैराशूट रेजिमेंट।

20 जून और 28 जुलाई, 1967 के मध्य दो ऐसी कार्यवाहियों में मेजर ओम प्रकाश सभरवाल को कालम कमाण्डर तैनात किया गया जिनमें उस क्षेत्र में मौजूद कुछ उपद्रवी मीज़ो नेताओं को पकड़ा जाना था। इनमें से एक कार्यवाही के दौरान यद्यपि नेता गांव में मौजूद नहीं था, इस अफसर ने सूचना एकत्रित की और शीघ्रता से उपद्रवियों के एक छिपने के स्थान पर धावा बोल दिया और कुछ महत्वपूर्ण कागजात कब्जे में कर लिए। 25 जून, 1967 को अपने कालम के साथ कष्टमय यात्रा के पश्चात् उन्हें एक क्षेत्र में उपद्रवियों के जमाव की सूचना मिली। रात के दो बजे उन्होंने उपद्रवियों के ठिकाने पर धावा करके उन्हें बिल्कुल हैरानी में डाल दिया। इसके बाद हुई मुठभेड़ के दौरान उन्होंने एक सेक्शन का स्वयं नेतृत्व किया जब कि शेष कालम ने गांव को घेर लिया। इस कार्यवाही में एक उपद्रवी मारा गया, एक घायल हुआ और कुछ हथियारों और गोला बारूद के साथ तीन उपद्रवी पकड़ लिए गये। पकड़े गये उपद्रवियों से खबर निकालकर वे उपद्रवियों के कैम्प तथा उनके बटालियन हैडक्वाटर पर आक्रमण करने के लिए आगे बढ़े। जब उनका एक छोटा कालम नदी पार कर रहा था तो उपद्रवियों ने एक ऊंचे ठिकाने से हल्की मशीनगन से गोलाबारी और हथगोले फेंकने शुरू कर दिये। यह महसूस करते हुए कि उनके

जवान बुरी तरह घिर गये हैं, उन्होंने उपद्रवी ठिकाने पर प्रहार करने का निश्चय किया। भारी गोलाबारी के बीच उन्होंने अपने जवानों को आगे बढ़ाया और उपद्रवियों द्वारा लगाई गई घात को तोड़ दिया तथा उन्हें भागने के लिए विवश कर दिया। दूसरी कार्यवाही में जब वे और उनकी प्लाटून उपद्रवियों के हैडक्वार्टर से 500 गज की दूरी पर रह गई तो उन पर हल्की मशीनगन और राइफलों से गोलाबारी की गई। अविचलित, वे अपने जवानों को आगे ले गये और उपद्रवियों से भिड़ गये जो अपने पीछे दो मृत, कुछ हथियार, गोला बारूद तथा नकदी छोड़ कर भाग गये।

इस सारी कार्यवाही में मेजर ओम प्रकाश सभरवाल ने साहस निश्चय और नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

5. मेजर विशन सिंह (आई० सी०-14513), ग्रेनेडियर्स।

11 सितम्बर, 1967 को मेजर विशन सिंह को नाथूला पर हमारे सैनिकों द्वारा तार की बाड़ मजबूत करने के कार्य के पर्यवेक्षण के लिए तैनात किया गया। उन्होंने अनुरक्षी/बचाव टुकड़ियों और तार की बाड़ लगाने वाली टोलियों को काम पर ठीक-ठीक लगा दिया। निश्चित समय पर काम शुरू हो गया। चीनी सेनाओं ने हमारे सैनिकों को डराने के लिए राइफलों से गोलियां चलाईं। शत्रु के भारी सहायक हथियारों द्वारा गोलाबारी शुरू करने के बावजूद भी मेजर विशन सिंह ने अपना काम जारी रखा। यह निश्चित कर लेने पर कि बाईं ओर कार्य संतोषजनक चल रहा है वह दाईं ओर सहायता करने आए। शत्रु ने उनपर तथा उनके शेष सैनिकों पर एम० एम० जी० से गोलाबारी शुरू कर दी। दो अन्य अफसरों के साथ उन्होंने गोलाबारी और हथगोलों से चीनी सेनाओं को बराबर दबाए रखा। जब वह एक हथगोला फेंक रहे थे तो उनके दाएं बाजू और एक टांग में हल्की मशीनगन की गोलियां लगीं और दूसरी टांग में बम के टुकड़े लगे। इसके बावजूद पीछे हटने से पहले उन्होंने हल्की मशीनगन से एक मैगजीन फायर किया।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में मेजर विशन सिंह ने साहस, कर्त्तव्य-निष्ठा और नेतृत्व का परिचय दिया।

6. कप्तान सूरज प्रकाश बक्शी (ई० सी०-51998), बिहार रेजिमेंट।

9 जून, 1967 को रात को 3 बजे कप्तान सूरज प्रकाश बक्शी ने जो बिहार रेजिमेंट की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, मीजो पहाड़ी क्षेत्र में एक गांव के निकट एक अड्डा स्थापित किया। वह एक प्लाटून के साथ गांव की सीमा पर स्थित झोपड़ियों की तलाशी लेने के लिए आगे बढ़े जहां सशस्त्र मीजो उपद्रवियों के ठहरने की खबर मिली थी। जब यह दल झोपड़ियों से 50 गज के फ़ासले पर पहुंचा तो लगभग 20 उपद्रवी गोली चलाते हुए बाहर आए और भागने लगे। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए कप्तान बक्शी अपनी प्लाटून को आगे ले गये और उपद्रवियों पर धावा बोल दिया। उन्होंने तीन उपद्रवियों को गोली से उड़ा दिया और एक के संगीन घोंप दी। उनके सैनिकों ने पांच अन्य उपद्रवियों को ढेर कर दिया और शेष ग्यारह को पकड़ लिया। इस मुठभेड़ में कप्तान बक्शी के सिर में एक उपद्रवी की गोली लगी।

इस कार्यवाही में कप्तान सूरज प्रकाश बक्शी ने साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

7. कप्तान नच्छत्तर सिंह बर्न (ई० सी०-56255), आर्टिलरी

11 सितम्बर से 13 सितम्बर, 1967 तक कप्तान नच्छत्तर सिंह बर्न नाथूला में प्रेक्षण चौकी अफसर के रूप में कार्य कर रहे थे। जब उन्हें आक्रामक चीनी सेनाओं का मुकाबला करने का आदेश दिया गया तो उन्होंने चीनियों पर तेज और सही गोलीबारी करा कर उनके छोटे हथियारों की गोलीबारी को शान्त कर दिया और उनके कुछ बंकरों को नष्ट कर दिया। शीघ्र ही उन पर चीनी तोपखाने और इन्फैंट्री द्वारा गोलाबारी होने लगी। उनका तकनीकी सहायक मारा गया, रेडियो आपरेटर घायल हो गया और उनका रेडियो सेट नष्ट कर दिया गया, फिर भी कप्तान बर्न ने एक चट्टान से दूसरी चट्टान पर जा-जा कर अपनी संचार लाइन के सहारे चीनी सेनाओं पर गोलाबारी करने का निर्देश करते रहे और उन्हें भारी नुक़सान पहुंचाया। 11 सितम्बर से 13 सितम्बर, 1967 तक कप्तान बर्न खतरनाक मौसम और चीनी सेनाओं की भारी गोलाबारी का सामना करते हुए अपनी चौकी पर डटे रहे। तीन दिन तक उन्होंने रात और दिन बराबर काम किया और चीनी सेनाओं पर तोपखाने से सही गोलाबारी करके उन्हें भारी क्षति पहुंचाई जिसके फलस्वरूप हमारी सेना इस अचानक और अनुसेजित आक्रमण का मुकाबला कर सकी।

इस कार्यवाही में कप्तान नच्छत्तर सिंह बर्न ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

8. कप्तान पलक्क पिल्लिल पेली पेली (एम०-30738), स्थल सेना चिकित्सा कोर

11 सितम्बर, 1967 को जब चीनी फौजों ने नाथूला पर अचानक गोलाबारी शुरू कर दी तो कप्तान पलक्क पिल्लिल पेली पेली को आदेश मिला कि वह आगे बढ़ कर एक अग्रिम मरहम-पट्टी स्टेशन स्थापित करें ताकि अग्रवर्ती क्षेत्र में लड़ते हुए सैनिकों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का प्रबंध किया जा सके। चीनी सेनाओं की भारी गोलाबारी के बावजूद उन्होंने 14,000 फुट की ऊंचाई पर शीघ्रता से मरहम-पट्टी स्टेशन स्थापित कर दिया। यद्यपि 11 सितम्बर से 14 सितम्बर, 1967 तक मरहम-पट्टी स्टेशन पर लगातार भारी गोलाबारी होती रही फिर भी उन्होंने और उनके जवानों ने दिन-रात काम करके लड़ाई में हुये सभी हताहतों का उपचार किया और इस प्रकार अनेक अमूल्य जानों की रक्षा की।

इस कार्यवाही में कप्तान पलक्क पिल्लिल पेली पेली ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

9. कप्तान सतीश कुमार सूद (ई० सी०-52620), आर्टिलरी

12 सितम्बर, 1967 को नाथूला में एक अतिरिक्त प्रेक्षण चौकी अफसर को कैमल बैक नामक 14,973 फुट ऊंचे ठिकाने पर भेजने की आवश्यकता पड़ी। कप्तान सतीश कुमार सूद ने वहां जाने के लिए अपनी सेवाएं प्रस्तुत कीं। यह जानते हुये भी कि ठिकाने को जाने के रास्ते और स्वयं ठिकाने पर चीनी तोपखाने तथा

पैदल सेना के मार्टरों से भीषण गोलाबारी हो रही थी। कड़ाके की सरदी तथा भारी गोलाबारी की परवाह न करते हुए वे 12/13 सितम्बर, 1967 की रात को ठिकाने पर जा पहुंचे। प्रातः काल जब उन्होंने लक्ष्यों पर कार्यवाही करनी आरम्भ की तो उनके ठिकाने पर चीनी सेनाओं की गोलाबारी और भी बढ़ गई। वह बिना घबराए एक चट्टान से दूसरी चट्टान की ओर बढ़ते रहे और चीनी सेनाओं पर गोलाबारी का निर्देश करते रहे। यद्यपि उनका रेडियो तथा संचार व्यवस्था बारबार टूट गई फिर भी उन्होंने शीघ्रता से उसे ठीक करके सम्पर्क स्थापित कर लिया।

13 सितम्बर, 1967 को सारे दिन कप्तान सूद चीनियों के तोपों तथा मार्टर ठिकानों पर तोपखाने से अचूक गोलाबारी करवाते रहे जिसके परिणामस्वरूप चीनी तोपखाने के कम से कम तीन मार्टर बकार हो गये, उनकी संचार व्यवस्था ठप्प हो गई और वे भारी संख्या में हताहत हुए।

इस कार्यवाही में कप्तान सतीश कुमार सूद ने साहस, संकल्प तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

10. सैकण्ड लेफ्टिनेंट नवीन चन्द्र गुप्ता (आई० सी०-16951) सिगनल्ज़।

11 सितम्बर, 1967 को जब नाथूला (केन्द्रीय वम्प) में पनघाट के साथ तार बिछाने का काम किया जा रहा था तो सैकण्ड लेफ्टिनेंट नवीन चन्द्र गुप्ता अपने ब्रिगेड कमाण्डर के साथ गये। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे चीनी सेनाओं ने अचानक गोलाबारी आरम्भ कर दी जिसके परिणामस्वरूप केन्द्रीय वम्प तथा दक्षिणी शोल्डर के मध्य संचार लाइनों में बाधा पड़ गई। भारी गोलाबारी के कारण संचार व्यवस्था को चालू करने के लिए भेजे गये दल सफल नहीं हो सके। क्योंकि संचार लाइन को ठीक करना अत्यन्त आवश्यक था, सैकण्ड लेफ्टिनेंट गुप्ता अपनी निजि सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए दक्षिणी शोल्डर की ओर बढ़े और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में से कभी रेंगते और कभी दौड़ते हुए वे लक्ष्य पर पहुंच गये। उन्होंने चौकी से जहां केवल प्लाटून कमाण्डर तथा एक और व्यक्ति रह गये थे, सब सूचना प्राप्त की। जब वे चौकी पर थे तो हथगोलों से उन्होंने चीनी सेनाओं को उलझाया तथा एक घायल अफसर को वापिस लाने में प्लाटून कमाण्डर की सहायता की। ब्रिगेड कमाण्डर का उत्साहवर्द्धक संदेश तथा एक रेडियो सेट देने के बाद वे केन्द्रीय वम्प वापिस लौट आए।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लेफ्टिनेंट नवीन चन्द्र गुप्ता ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

11. सैकण्ड लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह (आई० सी०-16293), इंजीनियर्स

सैकण्ड लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह 9 जुलाई, 1966 को एक इंजीनियर रेजिमेंट की फील्ड कम्पनी के प्लाटून की कमान कर रहे थे। उन्हें एक पुराने सुरंग-क्षेत्र से लगभग 1150 सुरंगें साफ करने का आदेश दिया गया था। अनेक जोखिमों के बावजूद 11 जुलाई 1966 को उन्होंने अपनी प्लाटून के साथ काम आरम्भ किया और काफी सुरंगें साफ कर दी थीं, जब एक सैपर ने रिपोर्ट दी कि वह एक स्फोट सुरंग का पता नहीं लगा सका है। सैकण्ड लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह तुरंत उसको खोजने के लिए आगे बढ़े। जब वे सुरंग का पता लगाने की कोशिश कर रहे थे तो अचानक वे एक पत्थर से ठोकर खा कर एक सुरंग पर गिर पड़े और वह सुरंग फट गई। उनका दायां पांव टखने तक उड़ गया और दाहिनी आंख फूटकर बाहर निकल आई। इस खतरे का अनुभव करते हुए कि जल्दी में उनके जवान उन्हें बचाने के लिये सुरंग क्षेत्र में न आ जायं वे 10 गज तक रेंग कर चले आये जब कि उनके जवानों ने उन्हें बचा लिया। अपने घावों की परवाह न करते हुए, वे अपने सैनिकों को काम करते रहने के लिये प्रोत्साहित करते रहे।

सैकण्ड लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह ने दिए गये कार्य को पूरा करने में साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

12. जे० सी०-36079 नायब सूबेदार महादेव जाधव, पैराशूट रेजिमेंट।

26 जून, 1967 को जब छार्तवी गांव पर हमला हुआ तो नायब सूबेदार महादेव जाधव एक अग्रिम प्लाटून की कमान कर रहे थे जो एक उपद्रवी संतरी की हल्की मशीनगन की गोलाबारी की लपेट में आ गई। उपद्रवियों को छिन्न-भिन्न करने के लिए उन्होंने शीघ्र अपनी प्लाटून को आगे बढ़ाया और एक सैक्शन के साथ उन पर चढ़ाई कर दी जिसके परिणाम-स्वरूप एक उपद्रवी अपनी स्टेनगन और 197 गोलियों के साथ पकड़ लिया गया।

दूसरी बार 27 जुलाई, 1967 को उनके कालम पर फिर उपद्रवियों ने घात लगाई। निजी सुरक्षा का ध्यान न करते हुए उन्होंने अपने सैनिकों के साथ चढ़ाई की और स्वयं उपद्रवियों की हल्की मशीनगन पर एक हथगोला फेंका जिससे एक उपद्रवी मारा गया। यह कार्य उपद्रवी पड़ाव को समाप्त करने का साधन बना।

इस सारी कार्यवाही में नायब सूबेदार महादेव जाधव ने साहस तथा संकल्प का प्रदर्शन किया।

13. जे० सी०-39184 नायब सूबेदार राघव प्रसाद पान्डे, राजपूत रजिमेंट (**मरणोपरान्त**)

11 सितम्बर, 1967 को नायब सूबेदार राघव प्रसाद पान्डे एक कम्पनी के प्लाटून कमाण्डर थे। इस कम्पनी को नाथूला में उत्तरी शोल्डर पर तारों की बाड़ लगाने वाले इंजीनियरों के बचाव के लिए भेजा गया था। अचानक ही चीनी सेनाओं ने सामने तथा पार्श्वों से गोली चलाना आरम्भ कर दिया। निजि सुरक्षा की परवाह न करते हुए नायब सूबेदार पान्डे ने अपने सामने वाले चीनी पड़ाव पर धावा बोल दिया और दो चीनी सिपाहियों के संगीन घोंप दी। खुले में लड़ रही हमारी सेनाओं को चीनियों के हल्की मशीनगन वाले बंकर से भारी क्षति पहुंच रही थी। जब उन्होंने वहां पहुंचने की कोशिश की तो वह चीनियों की हल्की मशीनगन की बौछार का निशाना बन गए जिसके कारण घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार राघव प्रसाद पान्डे ने साहस तथा दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

14. 2640287 हवलदार बृज लाल, ग्रेनेडियर्स।

11 सितम्बर, 1967 को हवलदार बृज लाल रिकाइल-लैस-गन टुकड़ी के कमाण्डर थे जो नाथूला के सेबुला और केन्द्रीय वम्प

क्षेत्र के बीच स्थित थी। जब चीनी फौजों ने हमारे तार बिछाने वाले जवानों पर रिकाइललैस गनों से गोली चलाना आरम्भ किया तो वह अपनी चौकी पर ही जमे रहे और सफलतापूर्वक दो चीनी बंकरों को नष्ट कर दिया। 13 सितम्बर, 1967 को उन्होंने फिर एक चीनी मशीनगन को सफलता के साथ ठंडा कर दिया और दक्षिणी शोल्डर के एक बंकर को ध्वस्त कर दिया। उसी दिन उन्हें एक अन्य कठिन कार्य भी सौंपा गया जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक पूरा किया।

इस कार्यवाही में हवलदार बृज लाल ने साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया।

15. 4146934 हवलदार कूरा राम,
कुमाऊं रेजिमेंट।

30 अगस्त, 1966 को जम्मू तथा काश्मीर के हाई आल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में ग्लेशियर प्रशिक्षण के दौरान एक रस्सा जिसमें चार अफसर और एक जे० सी० ओ० थे और जिनका नेतृत्व हवलदार इंस्ट्रक्टर कर रहे थे, 200 फुट गहरी एक हिम दरार में गिर पड़ा। हवलदार कूरा राम को, जो उसके पीछे एक अन्य प्रशिक्षण दल का नेतृत्व कर रहे थे, इस घटना का पता लगा। स्वयं को रस्से से मुक्त करके वह तुरन्त घटनास्थल पर जा पहुंचे। हिम-दरार में पहुंचने पर उन्होंने देखा कि एक अन्य इंस्ट्रक्टर बचाव कार्य के लिए पहले ही नीचे पहुंच चुका था। वह तुरन्त उस खतरनाक हिम दरार में फिसल कर उतर गये और अपने साथी के बचाव कार्य में शामिल हो गये। जमाव बिन्दु से काफी नीचे के तापमान में उन दोनों ने बचाव कार्य जारी रखा। उन्होंने दो जीवित अफसरों को बचा लिया और अन्य सदस्यों के शवों को ऊपर ले आये।

इस कार्यवाही में हवलदार कूरा राम ने साहस तथा पहलशक्ति का प्रदर्शन किया।

16. 6251686 लांस नायक एम० जी० एजुथाचन,
सिगनल्ज।

15 सितम्बर, 1965 को लांस नायक एम० जी० एजुथाचन एक गाड़ी में, जिसे वह खुद चला रहे थे, सैनिक डाक जम्मू से पठानकोट ले जा रहे थे। जम्मू से जब वह करीब 15 मील पर थे तो गाड़ी पर पाकिस्तानी वायुयान ने गोलियों की बौछार की जिसके परिणाम स्वरूप उनकी गर्दन, छाती तथा पेट पर गहरे घाव लगे और उनसे खून की धाराएं बहने लगीं। उनकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई और बेकार हो गयी। हालांकि वहां उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें अस्पताल जाने की सलाह दी फिर भी वे उस जगह से नहीं हिले और डाक के थैलों के पास ही बने रहने तथा स्वयं उन्हें पठानकोट ले जाने का आग्रह किया। अन्त में पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश के जी० ओ० सी०, जो संयोगवश उस रास्ते से अपनी स्टाफ कार से गुजर रहे थे, उनको पठानकोट ले गये जहां उन्होंने पहले डाक सुपर्द की और बाद में इलाज के लिए अस्पताल गये।

इस घटना में लांस नायक एम० जी० एजुथाचन ने साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

17. 1431121 सैपर करनैल सिंह,
इंजीनियर्स। **(मरणोपरान्त)**

11 सितम्बर, 1967 को सैपर करनैल सिंह को, जो नाथूला में तारों की बाड़ लगा रही इंजीनियरों की टुकड़ी में काम कर रहे थे, एक कठिन काम सौंपा गया। बावजूद इसके कि शारीरिक बल तथा संगीनों से कार्य में बाधा डालते हुए चीनी सिपाहियों की संगीनों से उन्हें चोटें आयी, उन्होंने सौंपे गये कार्य को पूरा करने की कोशिशें जारी रखीं। बाद में जब चीनी सेनाओं ने स्वचालित तथा मार्टर गोलाबारी का प्रयोग किया तब भी उन्होंने अपना काम बिना रुके जारी रखा। उनके बाजू में गोलों के टुकड़ों से घाव हो गये परन्तु फिर भी वह विचलित नहीं हुए। ऐसा करते हुए उन्हें एक गोली लगी। राइफल उठाने के लिए वह थोड़ी दूर तक रेंग कर गये परन्तु चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में सैपर करनैल सिंह ने साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया।

18. 13656135 पैराट्रूपर जोखू सिंह,
पैराशूट रेजिमेंट।

26 जून, 1967 को जब छातवी गांव पर हमला हुआ तो पैराट्रूपर जोखू सिंह एक सेक्शन में थे, जिस पर मिजो के उपद्रवी सन्तरी द्वारा गोलीबारी की गई। वे उपद्रवियों की गोलीबारी की दिशा में दौड़ और उन्होंने सन्तरी को मौत के घाट उतार दिया और उसकी राइफल ले ली। इस कार्यवाही का परिणाम यह हुआ कि गांव के एक भाग से उपद्रवियों का सफाया हो गया। दूसरी बार 27 जून, 1967 को जब उपद्रवियों के हैडक्वार्टर पर चढ़ाई की गई तो पैराट्रूपर जोखू सिंह अपने सेक्शन के आगे दौड़ पड़े और उपद्रवी की एल० एम० जी० चौकी पर हथगोला फेंका। इस साहसिक कार्य का परिणाम यह हुआ कि उपद्रवियों की हल्की मशीनगन ठण्डी पड़ गई और उनके सेक्शन को सौंपा गया कार्य सफलता के साथ पूरा हुआ।

इस कार्यवाही में पैराट्रूपर जोखू सिंह ने साहस और पहल शक्ति का प्रदर्शन किया।

सं० 35-प्रेज०/68—राष्ट्रपति, निम्नांकित कार्मिकों को असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा अथवा साहस के कार्यों के लिए "वायुसेना पदक"/ "एयर फोर्स मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :

1. ग्रुप कैप्टेन जगदीश राज भसीन (3591), जी० डी० (पी०)

ग्रुप कैप्टेन (तब विंग कमांडर) जगदीश राज भसीन अप्रैल 1966 से मई 1967 तक एक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। स्क्वाड्रन को एक नए किस्म के वायुयान से सुसज्जित किए जाते समय उन्हें स्क्वाड्रन के स्टूयूअर्ड का कार्यभार सौंपा गया। स्क्वाड्रन का प्रमुख कार्य पायलटों को नए किस्म के वायुयान के इस्तेमाल में प्रशिक्षित करना था। अनेक कठिनाइयों के बावजूद, उन्होंने इस कार्य के लिए अपने वश के सभी साधनों को बेहद तेजी से संजोया और दिन में करीब 12 घण्टे काम करके उस उद्देश्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। स्क्वाड्रन में अपनी नियुक्ति के दौरान वे उड़ान सुरक्षा के लिए प्रभावशाली उपाय काम में लाए।

ग्रुप कैप्टेन जगदीश राज भसीन ने व्यावसायिक निपुणता तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया जो भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल हैं।

2. ग्रुप कैप्टेन जसपाल सिंह (2451), जी० डी० (पी०)।

बाम्बर स्क्वाड्रन के कमाण्डर के नाते ग्रुप कैप्टेन जसपाल सिंह ने प्रशंसनीय ढंग से अपने स्क्वाड्रन का नेतृत्व किया। उन्होंने अन्तर स्क्वाड्रन आयुध प्रतियोगिताओं में अनेक बार ख्याति प्राप्त की। पांच वर्ष तक वह एयर हैडक्वार्टर के उड़ान सुरक्षा संगठन से सम्बन्धित रहे और अपनी संगठन योग्यता तथा अगाध तकनीकी ज्ञान से उन्होंने अनेक योजनाएं क्रियान्वित कीं। एक विशाल बहु-कार्य-स्टेशन के कमाण्डर के रूप में उन्होंने कई पेचीदा संक्रियात्मक, प्रशिक्षण, अनुरक्षण तथा प्रशासकीय समस्याओं को सफलतापूर्वक सुलझाया। उन्होंने 4,000 घण्टों से ऊपर दोष-रहित उड़ानें भरीं।

ग्रुप कैप्टेन जसपाल सिंह ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया जो भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल है।

3. विंग कमांडर जसमेर सिंह धनोआ (4428), जी० डी० (पी०)।

विंग कमांडर जसमेर सिंह धनोआ ने हाल ही में ट्रांसपोर्ट स्क्वाड्रन की कमान सम्भाली है। 1953 से 1955 तक उन्होंने पूर्वी प्रदेशों में विभिन्न मिशन पूरे किए। उसके बाद उन्होंने ट्रांसपोर्ट ट्रेनिंग विंग में इंस्ट्रक्टर के रूप में और एयर हैडक्वार्टर कम्यूनिकेशन स्क्वाड्रन की वी० आई० पी० उड़ानों में फ्लाइट कमांडर के रूप में सेवा की। उनका 6,000 घंटों से अधिक दुर्घटना-रहित उड़ान-रिकार्ड है।

विंग कमांडर जसमेर सिंह धनोआ ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया जो भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल है।

4. विंग कमाण्डर मोहन इन्दर सिंह (4219), जी० डी० (पी०)।

विंग कमाण्डर मोहन इन्दर सिंह का एयर फोर्स की संक्रियाओं में एच० एस०-748 वायुयान के प्रवेश के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। एच० एस०-748 वायुयान का वर्तमान बल जिस कुशलता के साथ स्क्वाड्रन में कार्रवाई कर रहा है वह मुख्यतः उनके व्यावसायिक कौशल, दूरदर्शिता तथा उत्तम योजना का ही परिणाम है। इस स्क्वाड्रन की कमान करते हुए उन्होंने वी० आई० पी० संचरण ड्यूटियों के लिए आधुनिक टरबो-जेट वायुयानों का निर्बाध परिवर्तन ला दिया। उन्होंने वी० आई० पियों के विमान परिवहन के लिए कम्यूनिकेशन स्क्वाड्रन में उड़ान सुरक्षा का उच्चतम स्तर बनाए रखा। उनको लगभग 6,000 घंटों की उड़ान का श्रेय प्राप्त है।

विंग कमाण्डर मोहन इन्दर सिंह ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया जो भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल है।

5. विंग कमाण्डर मालकोम शर्ले डुंडास वोल्लेन (3641), जी० डी० (पी०)।

विंग कमाण्डर मालकोम शर्ले डुंडास वोल्लेन के अधीन एक नए किस्म के वायुयानों के साथ पुनः लैस अन्तारोधक स्क्वाड्रन की कमान थी। अन्तारोधक कार्य से अतिरिक्त स्क्वाड्रन को कई पायलटों के संपरिवर्तन प्रशिक्षण का कार्य भी सम्भालना पड़ा। विंग कमाण्डर वोल्लेन ने यूनिट का लगातार पर्यवेक्षण करते हुए महान धैर्य तथा साहस के साथ यह कार्य पूरा किया। अपने स्क्वाड्रन के कार्मिकों के संपरिवर्तन के लिए उनके द्वारा तैयार किया गया प्रशिक्षण पाठ्यक्रम वायु सेना में एक मानक पाठ्यक्रम के रूप में स्वीकृत किया गया। पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान विंग कमाण्डर वोल्लेन ने अनेक अभावों तथा प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद शत्रु के वायुयानों का अन्तारोधन करने के लिए दिन-रात अनेक संक्रियात्मक उड़ानें कीं।

विंग कमाण्डर मालकोम शर्ले डुंडास वोल्लेन ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

6. स्क्वाड्रन लीडर एरिक लाएनेल एल्लेन (4582), जी० डी० (पी०)।

जुलाई, 1965 की एक घातक उड़ान दुर्घटना में जब एक स्क्वाड्रन के स्क्वाड्रन लीडर तथा फ्लाइट कमाण्डर दोनों की मृत्यु हो गई तो स्क्वाड्रन लीडर एरिक लाएनेल ऐल्लेन ने स्क्वाड्रन की कमान सम्भाली। उन्होंने ऊषाकाल के सांझ तक और कभी-कभी रात में भी काम किया और बहुत ही कम समय में स्क्वाड्रन के पायलटों के संक्रियात्मक प्रशिक्षण-कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। 1965 में पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान उन्होंने अनेक कठिन मिशन पूरे किए। स्क्वाड्रन कमाण्डर की ड्यूटियों के अतिरिक्त उन्होंने 15 मास की अवधि के लिए एक हवाई-मैदान में उड़ान के प्रभारी अफसर की ड्यूटियां भी निभाईं।

स्क्वाड्रन लीडर एरिक लाइनेल एल्लेन ने आद्योपान्त साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

7. स्क्वाड्रन लीडर नरिन्दर सिंह अरोड़ा (4983), जी० डी० (पी०)।

स्क्वाड्रन लीडर नरिन्दर सिंह अरोड़ा अक्तूबर, 1966 से परिवहन स्क्वाड्रन में काम कर रहे हैं। जम्मू तथा कश्मीर और नेफा क्षेत्रों के ऊपर 2,200 घंटों की उड़ान मिलाकर उन्होंने कुल 4,600 घंटों की उड़ान की है। स्क्वाड्रन को जो भी नए कार्य सौंपे गए उनके लिए उन्होंने हमेशा अपनी सेवाएं अर्पित कीं और उनको पूरा किया। 30 अप्रैल, 1960 को लद्दाख क्षेत्र में एक उड़ान के समय उनके वायुयान का इंजन खराब हो गया। उन्होंने तुरन्त उचित सुधार-कार्रवाई की, और वायुयान को सुरक्षित अड्डे पर ले आए। इसमें न तो सैनिक सामान को कोई क्षति पहुंची अथवा न ही कर्मियों को चोट आई।

स्क्वाड्रन लीडर नरिन्दर सिंह अरोड़ा ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।

8. स्क्वाड्रन लीडर श्रीनिवास प्रह्लाद देसाई (5005), जी० डी० (पी०)। (मरणोपरान्त)

जून 1967 में स्क्वाड्रन लीडर श्रीनिवास प्रह्लाद देसाई एक

स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे थे । इस स्क्वाड्रन को उत्तर-पूर्वी सीमान्त एजेन्सी के हवाई अनुरक्षण के कठिन कार्य को संभालने के लिये बुलाया गया । प्रतिकूल मौसम के बावजूद उन्होंने अपने मुट्ठीभर साथियों के साथ सभी अवपातन क्षेत्रों के वर्गीकरण के अपूर्व कार्य को सम्पन्न किया । हवाई अनुरक्षण के संक्रियात्मक कार्यों पर उन्होंने 104 घंटों की उड़ानें कीं । उन्होंने रसद गिराने की तकनीक में भी कई पायलटों को प्रशिक्षित किया । 27 जुलाई 1967 को स्क्वाड्रन लीडर देसाई 10,700 फुट की ऊंचाई पर अत्यन्त दुर्गम पर्वतीय प्रदेश में स्थित एक बीरान चौकी पर रसद गिराने के मिशन को सम्भालने के लिये बुलाया गया । मिशन की कठिनाइयों को अच्छी प्रकार जानते हुए उन्होंने इस उड़ान का कार्य संभाला । छोटे-से अवपातन क्षेत्र पर प्रथम उड़ान करके ही उन्होंने बिल्कुल सही स्थान पर सरद गिराई । इसके बाद के अवपातन के लिये उन्होंने एक और चक्कर लगाया तो अचानक ही वायुयान का बायां इंजन खराब हो गया और वायुयान की ऊंचाई तेजी से कम होनी शुरू हो गई । भीषण खतरे में पड़ कर उन्हें पर्वतीय प्रदेश में वायुयान को जबरन उतारना पड़ा । ऐसा करते हुए उन्होंने अन्य तीन हवाई कर्मियों के साथ अपनी जान गंवा दी ।

स्क्वाड्रन लीडर श्रीनिवास प्रहलाद देसाई ने आद्योपान्त साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

9. स्क्वाड्रन लीडर कांजीवरम् राजरतनम मोहनराज (5611), टैक्निकल इंजीनियर ।

सन् 1963 के आरम्भ में जम्मू व कश्मीर में परिवहन स्क्वाड्रन में नियुक्त होने पर स्क्वाड्रन लीडर कांजीवरम् राजरतनम मोहनराज ने फ्लाइट इंजीनियर के रूप में उड़ान सेवा आरम्भ की । हालांकि वह काम में नए थे परन्तु उन्होंने संक्रियात्मक उड़ान तथा तकनीक में पारंगत होने में पूरी लगन से काम किया । जम्मू व कश्मीर में स्क्वाड्रन के परिवहन विमान के सुरक्षित संचालन के लिये उनके अनुभव से बहुत-से आंकड़े तैयार किये गये । अपने थोड़े-से सेवा-काल में उन्होंने लगभग 2000 घंटों की उड़ान की जिसमें दुर्गम क्षेत्रों की बहुत-सी उड़ानें शामिल हैं । एक बार यान्त्रिक खराबी के कारण भू-परीक्षण के समय उनके वायुयान को आग लग गई । अपनी निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए उन्होंने वायुयान से माल उतरवा लिया और पास में खड़े दूसरे वायुयानों को सुरक्षित स्थान पर हटा दिया । उसके बाद अपने वायुयान के इंजन-पैनल खोल दिये और क्रैंक केस को इंजन तेल से खाली कर वायुयान को जलने से बचा लिया ।

स्क्वाड्रन लीडर कांजीवरम् राजरतनम मोहनराज ने आद्योपान्त साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

10. स्क्वाड्रन लीडर क्षीरोद कृष्ण सेन (4495), जी० डी० (पी०) ।

स्क्वाड्रन लीडर क्षीरोद कृष्ण सेन ने कुल मिलाकर लगभग 3500 घण्टों की उड़ान की है । इसमें रात्रि को एक इंजन वाले वायुयान पर 250 घण्टे और अनुदेशात्मक ड्यूटियों पर 1600 घण्टों की उड़ानें सम्मिलित हैं । 10 मार्च, 1962 को वह एक वायुयान पर अनुदेशात्मक ड्यूटी पर थे । उन्होंने देखा कि सहपक्ष स्थिर हो गए हैं और वायुयान नीचे की ओर चक्कर लेने लगा है । उन्होंने निपुणता से वायुयान को नीचे-ऊपर करके और भारी झटका लगाकर सहपक्ष को मुक्त कर लिया । इस प्रकार उन्होंने वायुयान तथा अमूल्य जानें बचा लीं । इसी प्रकार उन्होंने एक हंटर वायुयान को, जो एक पक्षी के साथ टकरा गया था, बचाने में कमाल की दक्षता दिखाई । एक बार उन्होंने वैम्पायर वायुयान को बचाने में कमाल की व्यावसायिक निपुणता दिखाई । इस वैम्पायर वायुयान का एक दीर्घान्तर उड़ान में पीछे का बेयरिंग खराब हो गया था ।

स्क्वाड्रन लीडर क्षीरोद कृष्ण सेन ने आद्योपान्त व्यावसायिक निपुणता, साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

11. स्क्वाड्रन लीडर राजिन्दर पाल सिंह (4256), जी० डी० (पी०) ।

सन् 1952 से स्क्वाड्रन लीडर राजिन्दर पाल सिंह संक्रियात्मक उड़ान के साथ सक्रिय रूप से सम्बन्धित रहे हैं । उन्हें कुल 6700 घण्टों की उड़ान का श्रेय प्राप्त है । इसमें संक्रियात्मक क्षेत्रों और दुर्गम प्रदेश की प्रतिकूल अवस्थाओं में 2300 घण्टों की उड़ानें सम्मिलित हैं । 1965 में पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान उनके स्क्वाड्रन को बहुत अधिक संक्रियात्मक कार्य करने पड़े । अपने स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमाण्डर के रूप में उन्होंने कार्यों को साहसपूर्वक सम्भाला और उन्हें अत्यन्त उत्तम ढंग से पूरा किया । अपनी ड्यूटियों के अतिरिक्त उन्होंने नव-तैनात पायलटों के सम्पर्वितन प्रशिक्षण तथा उनको संक्रियात्मक उड़ानों के लिए छांटने के कार्य में सक्रिय भाग लिया ।

स्क्वाड्रन लीडर राजिन्दर पाल सिंह ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल, साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

12. स्क्वाड्रन लीडर कृष्णमूर्त्ति श्रीनिवासन (5085), जी० डी० (एन०) ।

1963 से स्क्वाड्रन लीडर कृष्णमूर्त्ति श्रीनिवासन एयरक्रू एग्जामिनिंग बोर्ड में मार्ग-निर्देशन परीक्षक लीडर के रूप में सेवा कर रहे हैं । उन्होंने अपने कर्त्तव्य को सदा अत्यन्त उत्तम ढंग से निभाया है तथा सामान्य ड्यूटी के दायित्व के साथ-साथ अतिरिक्त कार्यों को भी निभाया है । उन्होंने 4,800 घण्टे उड़ान की है इसमें विभिन्न किस्मों के परिवहन विमानों पर अनुदेशक के रूप में की गई उड़ानें सम्मिलित हैं । उन्हें मार्ग-निर्देशकों, अनुदेशकों तथा शिष्यों के वर्गीकरण के कार्य पर लगाया गया । स्क्वाड्रन लीडर श्रीनिवासन ने नियत कार्यों को पूरा किया और योजना तथा कठिन मेहनत से वर्गीकरण की व्यवस्था को सुधारा । वर्गीकरण के परिष्कार और उसे बहुत ऊंची प्रतिशतता तक बढ़ाने का श्रेय उन्हीं को है ।

स्क्वाड्रन लीडर कृष्णमूर्त्ति श्रीनिवासन ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

13. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्र सहाय (5861), जी० डी० (पी०) ।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्र सहाय 1961 से असम क्षेत्र में उड़ान कर रहे हैं । उन्होंने 3,800 घण्टों की उड़ान भरी है । इस

स्क्वाड्रन की सेवा अवधि के दौरान नेफा की मायावी घाटियों में उनके तीन बार इंजन खराब हुए । किन्तु प्रत्येक अवसर पर असाधारण उड़ान दक्षता तथा अत्युत्तम संचालन से उन्होंने वायुयान को सुरक्षित उतारने का प्रबंध कर लिया । इस समय वह परिवहन स्क्वाड्रन में हैं । इस स्क्वाड्रन में भी उन्हें दो बार इंजन खराब को हो जाने का अनुभव हुआ, किन्तु उन्होंने अपने वायुयान को सुरक्षित उतारने में सूझबूझ तथा उड़ान दक्षता का प्रदर्शन किया ।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्र सहाय ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

14. फ्लाइट लेफ्टिनेंट तुषार सेन (6006), जी० डी० (पी०) ।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट तुषार सेन अन्तारोधक स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे हैं । इस किस्म के वायुयान पर वह सबसे अधिक अनुभवी पायलटों में से एक हैं और उन्होंने 600 उड़ानें की हैं । कई अवसरों पर उन्हें गम्भीर संकटों का सामना करना पड़ा किन्तु वह हर बार वायुयान को सुरक्षित नीचे ले आए । एक बार उनके वायुयान के सब पहिये बाहर नहीं निकले और जबकि ऐसी स्थिति में किसी भी सामान्य पायलट द्वारा वायुयान को त्याग देना न्याय-संगत होता, वह साहस तथा दृढ़ निश्चय के साथ दो पहियों के सहारे ही वायुयान को नीचे सुरक्षित ले आए । एक अन्य अवसर पर जब उनका देशान्तरीय नियन्त्रण कम ऊंचाई पर खराब हो गया तो उन्होंने सफलतापूर्वक वायुयान को नीचे उतार लिया । 1965 की संक्रियाओं में हवाई रक्षा प्रदान करने के लिए उन्होंने बहुत सी उड़ानें कीं ।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट तुषार सेन ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल, साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

15. 17940 मास्टर वारंट अफसर जेम्ज़ काउट्स लोरिन, फ्लाइट गनर ।

मास्टर वारंट अफसर जेम्ज़ काउट्स लोरिन परिवहन स्क्वाड्रन में कार्य करते रहे हैं । फ्लाइट गनर की ड्यूटियों के आयुध अफसर की अनुपस्थिति में उन्होंने फ्लाइट गनरी नेता की ड्यूटियां सम्भालीं । फ्लाइट गनरी नेता के रूप में काम करते हुए उन्होंने अपने कुशल प्रबन्ध तथा प्रशासकीय योग्यता के गनर की प्रशिक्षण अवस्था तथा संक्रियात्मक स्थिति को ऊंचे स्तर पर रखा । उन्होंने कम से कम समय में सुरक्षित रूप से भरने तथा खाली करने के विभिन्न तकनीकों में भी सुधार शुरू किए । इससे वायुयान को जल्दी-जल्दी निपटाया जा सकता था । उन्होंने 3,500 घंटों की उड़ान की जिसमें 1,000 से अधिक घंटों की उड़ान संक्रियात्मक क्षेत्रों की है ।

मास्टर वारंट अफसर जेम्ज़ काउट्स लोरीन ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

16. 20087 मास्टर सिगनलर सदाशिव पांडुरंग थट्टे, सिगनलर/एयर ।

मास्टर सिगनलर सदाशिव पांडुरंग थट्टे जनवरी 1964 से परिवहन स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे हैं । उन्होंने कुल 6,000 घण्टों से अधिक उड़ान भरी है जिस में जम्मू व कश्मीर तथा नेफा क्षेत्रों की करीब 2400 घण्टों की उड़ान भी सम्मिलित है । फ्लाइट सिगनलर के रूप में उन्होंने स्क्वाड्रन की सफलताओं में पर्याप्त योगदान दिया है ।

मास्टर सिगनलर सदाशिव पांडुरंग थट्टे ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल तथा असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

17. 400372 वारंट अफसर रंगप्पा रंगस्वामी, फ्लाइट गनर ।

वारंट अफसर रंगप्पा रंगस्वामी 1961 से परिवहन स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे हैं । उन्होंने कुल लगभग 4,000 घन्टों की उड़ान की है । इसमें से 2,100 घन्टों की उड़ान जम्मू व कश्मीर तथा नेफा की है । वह उन अगुओं में से एक हैं जिन्हें चीनी आक्रमण के समय चुशूल पर वायुयान द्वारा माल ले जाने के लिए तैनात किया गया था । इसके बाद उन्हें अनेक अवसरों पर अग्रवर्ती क्षेत्रों में वायुयान द्वारा माल ले जाने के लिए तैनात किया गया । 3 जून 1962 को जब वह रसद गिराने के मिशन पर थे तो परिवाहक यंत्र रुक गए थे और रसद गिराना असम्भव हो गया था । माल खतरनाक अवस्था में वायुयान से लटक रहा था जिससे माल उतारने वाले पीछे के दरवाजे बन्द नहीं हो सके । स्थिति का अनुभव करते हुए उन्होंने परिवाहक मोटर को हाथ से चलाया और सारे माल को बाहर गिरा दिया ।

वारंट अफसर रंगप्पा रंगस्वामी ने आद्योपान्त व्यावसायिक कौशल, साहस तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

सं० 36-प्रेज०/68—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा अथवा साहस के कार्यों के लिए "नौ सेना पदक"/"नेवी मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेंट कमांडर आदिचित्त चाको मेमेन भारतीय नौ सेना ।

2. लेफ्टिनेंट कमांडर अभ्रीक सिंह भारतीय नौ सेना ।

जब आपत-काल के दौरान बम्बई बन्दरगाह में अनिवार्य सेवाएं चालू रखने का कार्य नौ सेना के अधीन किया गया था, उस समय लेफ्टिनेंट कमांडर आदिचित्त चाको मेमेन और लेफ्टिनेंट कमांडर अभ्रीक सिंह बम्बई पोर्ट ट्रस्ट बन्दरगाह के 'अमोल' और 'अंकुश' नामक टगों की क्रमशः कमान कर रहे थे । दोनों टगों में पूर्णतः नौ सेना के कार्मिक तैनात थे और इन अफसरों के निर्देशन में थे । पाकिस्तानी माल वाहक 'इल्यास बख्श' तथा 'एस्सो दुर्हम' नामक 35,000 टन कुल भार तेल के जहाज लंगर घसीट रहे थे और फंस गये थे । दोनों टगों ने इन जहाजों को पुनः जल-प्रवाहित किया, गहरे समुद्र में खींच कर ले गए और उपयुक्त स्थान पर लंगर डाल कर खड़ा कर दिया । यदि टग बचाव के लिए न पहुंचते तो 'एस्सो दुर्हम' का पृष्ठ भाग टूट जाता और परिणामस्वरूप बन्दरगाह का जल भीषण रूप से दूषित किया हो जाता । इन दोनों अफसरों ने बहुत सराहनीय ढंग से अपना कर्त्तव्य निभाया और बम्बई पोर्ट ट्रस्ट के अफसरों से श्रेष्ठतम प्रशंसा प्राप्त की ।

लेफ्टिनेंट कमांडर आदिचित्र चाको मेमेन और लेफ्टिनेंट कमांडर अशोक सिंह ने नौ सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

3. लैफ्टिनेन्ट सन्तोष कुमार गुप्ता
भारतीय नौ सेना ।

11 अक्तूबर, 1966 को लेफ्टिनेन्ट संतोष कुमार गुप्ता को एक सी हाक वायुयान में एक अन्तर्रोधन अभ्यास और तत्पश्चात् भारतीय नौ-पोत 'विक्रान्त' पर अवरुद्ध अवतरण के लिए तैनात किया गया । अवतरण करते हुए रोधक तार टूट कर हुक के चारों ओर लिपट गया और वायुयान मुश्किल से पर्याप्त उड़ान चाल में कोणीय डेक के सिरे पर लड़खड़ाने लगा । वायुयान का सारा हुक संयोजन वायुयान से झटके से खिंच गया और समुद्र के पास ही वायुयान असाधारणतया टेढ़ा होकर अपनी ऊंचाई खोने लगा । लेफ्टिनेन्ट गुप्ता ने वायुयान को त्यागने की बजाय जैसाकि सामान्यतया किया जाता है, उसे व्यावसायिक दक्षता के साथ समीपवर्ती हवाई मैदान में उतारा और इस प्रकार मूल्यवान वायुयान को बचाया ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेंट संतोष कुमार गुप्ता ने साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

4. लेफ्टिनेन्ट भवन दीपक मोहिन्द्रा
भारतीय नौ-सेना ।

3 फरवरी, 1967 को जब भारतीय नौ-सेना पोत 'कारवार' समुद्र में था तो लेफ्टिनेंट भवन दीपक मोहिन्द्रा ने चिमनी से आग की लपटें और धुआं उठते देखा । उन्होंने तुरन्त अग्निशमन दल का संगठन किया । उन्होंने नाविकों को झाग अग्नि-शामक इकट्ठे करने का आदेश दिया और वह स्वयं एक झाग अग्नि-शामक को लेकर इंजन कक्ष में नीचे जा पहुंचे । उन्होंने आग पकड़ने के स्थान और निष्कासन नालिका पर जो उस समय तक आग की लपटों में गिर चुकी थी, अग्नि-शामक का प्रयोग किया। उन्होंने अग्निशमन कार्य का संगठन इतने प्रभावपूर्ण ढंग से किया कि आग लगभग दस ही मिनटों में बुझा दी गई ।

इस कार्य में लेफ्टिनेन्ट भवन दीपक मोहिन्द्रा ने भारतीय नौ-सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल साहस और पहलशक्ति का परिचय दिया ।

5. लेफ्टिनेन्ट गोपाल दास मुकर्जी
भारतीय नौ-सेना ।

बम्बई बन्दरगाह में आपत काल के दौरान अनिवार्य सेवाएं चालू रखने के लिए जब नौ-सेना को बुलाया गया तो उस समय लेफ्टिनेन्ट गोपाल दास मुकर्जी बम्बई पोर्ट ट्रस्ट के गोदी टग 'राजा' की कमान कर रहे थे । दो अन्य गोदी टगों की सहायता से टग 'राजा' ने अलेग्जेंडर डाक, प्रिंसेस और विक्टोरिया डाक तथा बैलार्ड पियर में प्रत्येक संचलन में सहायता प्रदान की । ज्वार और तूफान की प्रायः कठिन परिस्थितियों में बैलार्ड पियर पर डाक पैसेन्जर जहाजों और अलेग्जैन्ड्रा गोदी के खाद्यान्न जहाजों की सहायता करते हुए उन्होंने सूझबूझ और नौ-कौशल का परिचय दिया ।

लेफ्टिनेन्ट गोपाल दास मुकर्जी ने नौ-कौशल और असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

6. लेफ्टिनेन्ट जार्ज मार्टिस
भारतीय नौ-सेना ।

लेफ्टिनेन्ट जार्ज मार्टिस ने, जो कि योग्य गोताखोर हैं, सफलतापूर्वक अनेक गोता कार्रवाइयों में भाग लिया । अक्तूबर, 1965 में मधद्वीप से दूर सीहाक वायुयान के भग्नावशेषों को ढूंढने के लिये खुले समुद्र में प्रथम गोता कार्रवाई का प्रभार इन्हें सौंपा गया । प्रचंड ज्वार, मंद तरंगों और शून्य दृश्यता के बावजूद यह कार्यवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई । यह कार्य विशेषकर कठिन हो गया क्योंकि वायुयान भग्नावशेष के हिस्से बराबर टूटते जा रहे थे और उन्हें निकालना असाध्य हो चला था । उन्होंने 20 घंटे पानी में रह कर सिहर सेन द्वारा पाक जलडमरूमध्य को तैर कर पार किये जाने के दौरान भी महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की ।

इन कार्यवाहियों में लेफ्टिनेन्ट जार्ज मार्टिस ने भारतीय नौ-सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल व्यावसायिक कुशलता और असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

7. लेफ्टिनेन्ट (पी) हरिदास मेग्जी गोरी
भारतीय नौ-सेना ।

11 मई, 1967 को लेफ्टिनेन्ट हरिदास मेग्जी गोरी अलाउती III हैलिकाप्टर के पाइलट थे । उनको गोआ के निकट ध्वस्त वैम्पायर वायुयान की खोज और बचाव कार्य पर लगाया गया । ध्वंस चेतावनी की आवाज सुनते ही वह तुरन्त खोज और बचाव हैलिकाप्टर में अपने हवाई कार्मिकों सहित उड़े । उन्होंने 50 मील दूर के पहाड़ी क्षेत्र में खोज करनी थी जब कि पहाड़ी चोटियों के ऊपर 100 से 200 फुट तक बादल छाए हुए थे । यद्यपि इस किस्म का हैलिकाप्टर बादलों में उड़ान भरने के लिये उपयुक्त नहीं है तथापि खराब मौसम और अल्प दृश्यता के बावजूद उस क्षेत्र में पहुंच गए और वायुयान को निपुणता से चला कर लेफ्टिनेन्ट ऐंथनी कालियर का पता लगाकर उसे बचा लाए ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट (पी) हरिदास मेग्जी गोरी ने भारतीय नौ-सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुकूल साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

8. लेफ्टिनेन्ट (एस० डी०) (बी०) मोहम्मद सालेह चोगले,
भारतीय नौ-सेना

लेफ्टिनेन्ट मोहम्मद सालेह चोगले सन् 1934 में नौ-सेना में सीमैन बाय के रूप में भर्ती हुए और सन् 1944 में चीफ पैटी अफसर नियुक्त किए गए । प्रशिक्षण पोतों स्थापनाओं में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नए भर्ती किये गये जवानों का प्रशिक्षण और मार्ग-दर्शन किया । सन् 1954 में उन्हें अफसर संवर्ग में कमीशन प्राप्त बोसुन के रैंक में ले लिया गया और बाद में इन्हें कैडट प्रशिक्षण पोत पर अफसर-कैडटों को नौ-कौशल का प्रशिक्षण देने के लिए तैनात किया गया । नौ-सेना, गोदीबाड़ा, बम्बई में सेवा करते हुए उन्होंने असाधारण नौ-कौशल और पोतों के संचलन कार्य में रुझान का परिचय दिया जिसके परिणामस्वरूप नौ-सेना, गोदीबाड़े में विशिष्ट कार्यकुशलता आ गई। नौ-सेना, गोदीबाड़े में पहले जितनी संख्या में पोतों का संचलन हो सकता था उसको दुगना करने के वही जिम्मेदार हैं ।

लेफ्टिनेन्ट मोहम्मद सालेह चोगले ने आद्योपान्त व्यावसायिक दक्षता और असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है ।

9. लेफ्टिनेन्ट (एस० डी०) (बी०) चन्दी वारू डेविड, भारतीय नौ-सेना ।

लेफ्टिनेन्ट चन्दी वारू डेविड 1944 में नौ-सेना में एक साधारण नौ-सैनिक के रूप में भर्ती हुए । उनकी विशिष्ट योग्यताओं को मानते हुए उन्हें चीफ पेटी अफसर के रूप में पदोन्नत किया गया और बाद में 1959 में बोसुन के रूप में कमीशन दिया गया । नौ-पोत विक्रान्त के जलावतरण के अवसर पर उन्हें प्रतिनियुक्ति करके बर्तानिया भेजा गया । उन्होंने यह सुनिश्चित करने का भरसक प्रयत्न किया कि इस वायुयान वाहक में सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाएं हों । हाल ही में उन्होंने बम्बई बन्दरगाह में नौ-पोत विक्रान्त के लिए एक जटिल और विशिष्ट कार्य की योजना बनाई और उसे साकार किया ।

लेफ्टिनेन्ट चन्दी वारू डेविड ने आद्योपान्त व्यावसायिक दक्षता और असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

10. लेफ्टिनेन्ट (एस० डी०) (टी० ए० एस०) जेसीफोर्ड स्मिथ, भारतीय नौ-सेना ।

16 मई, 1967 को जब कमोट्टा द्वीप चक्रवात की लपेट में था तो लेफ्टिनेन्ट जेसीफोर्ड स्मिथ की कमान में नौ-सेना गैरिजन की एक प्लाटून तैनात की गई । लगभग 12 बजे दोपहर उन्होंने देखा कि उस गांव की एक फूस की झोंपड़ी जहां उनकी प्लाटून पड़ाव डाले हुए थी, एक ओर झुक गई है तथा गिरने ही वाली है । वे तत्काल ही एक बचाव दल के साथ उस मौके पर पहुंचे और देखा कि एक महिला और पांच बच्चे झोंपड़ी के अन्दर फंस गए हैं और ठीक इसी बीच झोंपड़ी गिर पड़ी और उसमें आग लग गई । जब दरवाजा खोलने के सभी प्रयत्न निष्फल हो गए तो उन्होंने अपने सैनिकों को झोंपड़ी तोड़ डालने का आदेश दिया । इस शीघ्र कार्रवाई से उन्होंने अन्दर घिरे व्यक्तियों को बचा लिया और आग बुझा दी ।

इस कार्रवाई में, लेफ्टिनेन्ट जेसीफोर्ड स्मिथ ने साहस और पहलशक्ति की प्रवृत्ति का प्रदर्शन किया ।

11. चीफ पैटी अफसर चेलाइल अच्युत कुरुप (ओ० नं० 23568)

चीफ पैटी अफसर चेलाइल अच्युत कुरुप 29 नवम्बर, 1966 को आर्टिलरी सेन्टर, देवलाली में कनिष्ठ नाविकों द्वारा जिन्दा ग्रेनेड अभ्यास के अनुदेशक की ड्यूटी पर थे । जब एक कनिष्ठ नाविक ने सुरक्षा पिन को हटा लिया परन्तु ग्रेनेड को अपनी ही बे में गिरा दिया तो चीफ पैटी अफसर कुरुप ने देखा कि ग्रेनेड का स्ट्राइकर लीवर बाहर आ चुका है और कुछ सैकेंडों में इसका विस्फोट हो जायगा और इससे नाविक की मृत्यु भी हो सकती है । समयानुकूल सूझ से और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने नाविक को बे से उठा लिया और सुरक्षित स्थान में उसे घसीट लिया । एक सैकेन्ड के अन्दर ही ग्रेनेड फट गया ।

इस कार्रवाई में चीफ पैटी अफसर चेलाइल अच्युत कुरुप ने साहस और समयानुकूल सूझ का परिचय दिया ।

12. चीफ मैकेनिक (इंजीनियर) संग्राम सिंह (गोताखोर प्रथम श्रेणी) (ओ० नं० 36379)

चीफ मैकेनिक (इंजीनियर) संग्राम सिंह नौ-पोत इंडिया में, 1962 में जब वह आरम्भ किया गया था तब से ही गोताखोर दल के वरिष्ठ नाविक रहे हैं और उन्होंने कई गोता कार्रवाइयों में संचालन का दायित्व निभाया है । 1964 में भाखड़ा बांध में मलवा साफ करने की कार्रवाई के लिये इस दल की नियुक्ति की गई इसमें बांध की दीवारों में गड़ी हुई लोहे की शलाकों का काटना भी शामिल था जो बांध के फाटकों को रोक रही थीं और क्षति पहुंचा रही थीं । इसमें 100 फुट की गहराई में बिजली के 400 आम्प्स की ओक्सी-आर्क काटने के उपस्कर का प्रयोग किया जाना था । अनेक कठिनाइयों और अल्प दृश्यता के बावजूद उन्होंने गोता कार्रवाई का नेतृत्व किया । जब अप्रैल 1965 के मध्य से पुनः दल को भाखड़ा बांध में तीन मास के लिये नियुक्त किया गया तो बहुत ही जोखिम की परिस्थिति के बावजूद उन्होंने साहस से और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए गोता कार्यवाई की ।

चीफ मैकेनिक (इंजीनियर) संग्राम सिंह ने आद्योपान्त साहस, व्यावसायिक दक्षता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

13. पैटी अफसर हवाई कर्मी जगदीश लाल भाटिया (ओ० नं० 46847)

पैटी अफसर जगदीश लाल भाटिया एक अलाउती III हेलिकाप्टर के विंच आपरेटर और हवाई कर्मी थे, जो 11 मई 1967 को गोआ के निकट ध्वस्त वैम्पायर जेट के दो पाइलटों के बचाव के लिये गये थे । पहले पाइलट को एक बीहड़ और घने जंगल में खोज लिया गया । उन्होंने लम्बे वृक्षों के बीच बहुत संकरे स्थान में बचाव रस्सी को लटकाया और पाइलट को 80 फुट की ऊंचाई से ऊपर खींच लिया । 12 मई 1967 को उन्होंने ऐसी ही कठिन अवस्थाओं में दूसरे पाइलट को भी बचा लिया । जनवरी 1965 में उन्होंने एक ऐसा ही बचाव कार्य किया, जिसकी प्रशंसा नौ-सेनाध्यक्ष द्वारा की गई थी ।

पैटी अफसर हवाई कर्मी जगदीश लाल भाटिया ने आद्योपान्त साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

14. लीडिंग नाविक चालेचेरी लोनप्पन देवास्से (ओ० नं० 13061)

